भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 149**

उत्तर देने की तारीख 1 दिसंबर, 2025
10 अग्रहायण, 1947 (शक)

## राजस्थान में खेल गतिविधियों को बढ़ावा

**149. श्रीमती मंजू शर्मा :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वार्षिक बजटीय आवंटन कितना है;

(घ) क्या देश में, विशेषकर राजस्थान में, उक्त उद्देश्य के लिए कोई नई योजना है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ख): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास और संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का होता है और केंद्र सरकार केवल उनके प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, सरकार राजस्थान सहित पूरे देश में विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों का संचालन कर रही है। इन स्कीमों में शामिल हैं: ( i ) खेलो इंडिया – राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम; (ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) को सहायता; (iii) अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोच को नकद प्रोत्साहन; (iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार; (v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन; (vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम; (vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; (viii) भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन; और (ix) राष्ट्रीय खेल विज्ञान और अनुसंधान केंद्र (एनसीएसएसआर)। इन स्कीमों का विवरण मंत्रालय की वेबसाइट https://yas.nic.in/ पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

(ग): इस मंत्रालय द्वारा धनराशि का आबंटन राज्य-वार नहीं, स्कीम-वार किया जाता है। खेल विभाग में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट आबंटन 2520.53 करोड़ रु. है।

(घ) से (ड.): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, राजस्थान राज्य में कुल 60 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) और 1 खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) हैं। इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के 'खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन' घटक के अंतर्गत 328 खेल अवसंरचना परियोजना (राजस्थान राज्य में 125.09 करोड़ रुपये की लागत वाली 48 परियोजनाओं सहित) को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं का विवरण https://mdsd.kheloindia.gov.in/ पर उपलब्ध है।

*****